**1. गाँधी दर्शन के अनुसार ईश्वर विषयक सर्वाधिक उपयुक्त विचार है-**
(1) ईश्वर अप्रासंगिक है। (2) सत्य ही ईश्वर है ।
(3) ईश्वर तटस्थ है। (4) ईश्वर व्यक्तित्वपूर्ण है । **[2]**

**2. नैतिक सिद्धान्त कर्तव्य के लिए कर्तव्य' सम्बन्धित है :**
(1) सुकरात से (2) देकार्ते से
(3) काण्ट से (4) मिल से **[3]**

**3. संकल्प स्वातंत्र्य की अनिवार्य शर्तों में क्या शामिल है ?**
1. कर्म करने की क्षमता 2. ज्ञान और उद्देश्य
3. न्याय का आचरण 4. विकल्पों की उपस्थिति
सही उत्तर चुनिए :
(1) 1, 3 व 4 (2) 1, 2 व 4
(3) 2, 3 व 4 (4) 1, 2 व 3 **[2]**

**4. काण्ट का कठोरवाद समर्थन करता है-**
(1) करुणावादी नीतिशास्त्र का
(2) चाहिए में कर सकता निहित है का
(3) अधिकतम व्यक्तियों का अधिकतम हित का
(4) सुखवादी नीतिशास्त्र का **[2]**

**5. सुकरात संदेहवादी नहीं हैं क्योंकि :**
(1) अनुभववादी दर्शन को प्रारम्भ इनके दर्शन से होता है।
(2) उनके दर्शन का अन्त संदेह में होता है।
(3) वे ईश्वर में दृढ़ विश्वास करते हैं।
(4) संदेह, असंदिग्ध सत्य तक पहुँचने का साधन है। **[4]**

**6. वैदिक ऋणत्रयी' में सम्मिलित नहीं है-**
(1) ऋषि ऋण (2) देवऋण
(3) लोक ऋण (4) पितृ ऋण **[3]**

**7. आँख के बदले आँख और दाँत के बदले दाँत का समर्थन करता है :**
(1) दण्ड का कोई भी सिद्धान्त नहीं
(2) दण्ड का प्रतिरोधात्मक सिद्धान्त
(3) दण्ड का प्रतिकारात्मक सिद्धान्त
(4) दण्ड का सुधारात्मक सिद्धान्त **[3]**

**8. सुखों में गुणात्मक भेद स्वीकार्य है, सुखवादी-**
(1) काण्ट को (2) जे.एस. मिल को
(3) बेन्थम को (4) सुकरात को **[2]**

**9. निम्न में से कौन सी जातक के दृश्य सांची स्तूप के तोरण द्वार एवं स्तंभ्भों पर उत्कीर्ण नहीं है ?**
(1) वेस्सन्तर जातक (2) महाजनक जातक
(3) महाकपि जातक (4) साम जातक **[2]**

**10. निम्न में से किसने 'देवीचन्द्रगुप्तम्' नाटक की रचना की थी ?**
(1) शूद्रक (2) कामन्दक
(3) कालिदास (4) विशाखदत्त **[4]**

**11. निम्न में से किस राज्य में सिन्धु घाटी सभ्यता का स्थल 'जूनी कुरन' अवस्थित है ?**
(1) पंजाब (2) गुजरात
(3) महाराष्ट्र (4) उत्तर प्रदेश **[2]**

**12. निम्न में से ऋग्वेद के किस मंडल में एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति अग्निं यमं " का उल्लेख मिलता है ?**
(1) नवाँ मंडल (2) प्रथम मंडल
(3) तृतीय मंडल (4) आठवाँ मंडल **[2]**

**13. बौद्ध धर्म में संघ प्रवेश को क्या कहा जाता था ?**
(1) उपोसथ (2) पातिमोक्ख
(3) उपसम्पदा (4) प्रव्रज्या **[3]**

**14. निम्न में से अशोक के किस प्रमुख शिलालेख में वचोगुति, बहुश्रुत एवं समवाय पर बल दिया था जिसमें उसकी धार्मिक सहिष्णुता नीति का प्रकटीकरण होता है ?**
(1) XIII शिलालेख (2) II शिलालेख
(3) III शिलालेख (4) XII- शिलालेख **[4]**

**15. कॉंग्रेस कार्यकारिणी समिति ने निम्न में से किस स्थान पर असहयोग आंदोलन को समाप्त करने से संबंधित प्रस्ताव पारित किया ?**
(1) नागपुर (2) बारदोली-
(3) गोरखपुर (4) चम्पारन **[2]**




Answer Key PDF Download Click Here

**16. हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसियेशन की स्थापना कब की गई थी ?**
(1) 1936 (2) 1926
(3) 1928 (4) 1932 **[3]**

**17. सुभाषचन्द्र बोस ने 21 अक्टूबर, 1943 को आजाद भारत की अस्थायी सरकार का गठन कहाँ किया था ?**
(1) जर्मनी (2) जापान
(3) मलाया (4) सिंगापुर **[4]**

**18. निम्न में से पद्मावती एवं सुरसीर किसकी शिष्या थीं ?**
(1) रामानन्द (2) दादू
(3) कबीर (4) वल्लभाचार्य **[1]**

**19. निम्न में से किस मुगल सम्राट ने अलतमगा जागीर को आरम्भ किया था ?**
(1) औरंगज़ेब (2) अकबर
(3) जहाँगीर (4) शाहजहाँ **[3]**

**20. निम्न में से शिवाजी ने किस किले का नाम बदल कर सिंहगढ़ रखा था ?**
(1) कोंडाना (2) तोरण
(3) जावली (4) शिवनेर **[1]**

**21. निम्न में से किसने 'यंग इंडिया' नामक पुस्तक लिखी थी ?**
(1) जवाहरलाल नेहरू (2) बाल गंगाधर तिलक
(3) लाला लाजपत राय (4) सुभाषचन्द्र बोस **[3]**

**22. निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये :**
A. ब्रेण्डीवाइन की लड़ाई B. बंकरहिल की लड़ाई
C. यार्कटाउन की लड़ाई D. साराटोगा की लड़ाई
कूट :
(1) B, D, A, C (2) A, C, B, D
(3) D, C, A, B (4) B, A, D, C **[4]**

**23. फ्रांस की क्रांति की निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये :**
A. एस्टेट्स जनरल के अधिवेशन का प्रारम्भ
B. बास्तिल का पतन
C. टेनिस कोर्ट की शपथ
D. मनुष्य एवं नागरिकों के अधिकारों की घोषणा
कूट :
(1) A, B, C, D (2) A, C, B, D
(3) A, D, C, B (4) B, C, A, D **[2]**

**24. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :**

| **सूची-I (काँग्रेस के अधिवेशन)** | **सूची-II (अध्यक्ष)** |
|---|---|
| A. कलकत्ता अधिवेशन (1890) | i. पी. आनन्द चार्लू |
| B. नागपुर अधिवेशन (1891) | ii. डब्ल्यू. सी. बनर्जी |
| C. इलाहाबाद अधिवेशन (1892) | iii. दादाभाई नौरोजी |
| D. लाहौर अधिवेशन (1893) | iv. फिरोजशाह मेहता |

**कूट:**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | ii | iv |
| (2) | iv | i | ii | iii |
| (3) | iii | ii | iv | i |
| (4) | iv | ii | i | iii |

**[2]**

**25. राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में 2011 में सर्वाधिक लिंगानुपात था ?**
(1) गंगानगर (2) अलवर
(3) चुरू (4) दौसा **[3]**




Answer Key PDF Download Click Here

**26. वर्तमान शताब्दी में किस वर्ष हिन्द महासागर में कुख्यात सुनामी आई थी ?**
(1) 2004 (2) 2002
(3) 2001 (4) 2005 **[1]**

**27. निम्न में से किसने रूस में "लाल सेना" का गठन किया था ?**
(1) ट्राट्स्की (2) फेलिक्स डेरजिंस्की
(3) लेनिन (4) स्टालिन **[1]**

**28. निम्न में से भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान सबसे लम्बी समयावधि वाली समानान्तर सरकार कहाँ स्थापित थी ?**
(1) सतारा (2) तामलुक
(3) बलिया (4) बारदोली **[1]**

**29. निम्न में से किसने "एटीन फिफ्टी सेवन" नामक पुस्तक लिखी थी ?**
(1) वी.डी. सावरकर (2) एस. एन. सेन
(3) आर.सी. मजूमदार (4) एस. बी. चौधुरी **[2]**

**30. ग्रीनविच तथा थिम्पू के मध्य 90° का अन्तराल है। जब ग्रीनविच पर दोपहर के 12:00 बजे हैं तो इस अवधि में थिम्पू में क्या समय होगा ?**
(1) 5:30 अपराह्न (2) 6:00 पूर्वाह्न
(3) 5:30 पूर्वाह्न (4) 6:00 अपराह्न **[4]**

**31. 'सिरोको' स्थानीय पवनें पायी जाती हैं :**
(1) कैलिफोर्निया में (2) कनाडा में
(3) इटली में (4) जापान में **[3]**

**32. प्रकाशमण्डल क्षेत्र में ठंडे और काले धब्बों को कहा जाता है**
(1) सौर्य कलंक (2) फेकुले
(3) फोटोन्स (4) कोरोना **[1]**

**33. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म गलत है ?**
(1) गुटनबर्ग असंततता - बाह्य तथा आन्तरिक क्रोड़ के मध्य संक्रमण क्षेत्र
(2) कोनार्ड असंततता - सियाल तथा सिमा के मध्य संक्रमण क्षेत्र
(3) मोहोरोविसिक असंततता- निचली भूपर्पटी तथा ऊपरी मेण्टल के मध्य संक्रमण क्षेत्र
(4) रिपिटी असंततता - मेण्टल तथा भूक्रोड़ के मध्य संक्रमण क्षेत्र **[*]**

**34. महाद्वीपों एवं महासागरों के उत्पत्ति से सम्बन्धित संकुचन सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ?**
(1) जैफ्रे (2) लोथियन ग्रीन
(3) डेली (4) जॉली **[1]**

**35. दक्षिण भारत का मैनचेस्टर है :**
(1 ) चेन्नई (2) बेंगलुरू
(3) मदुराई (4) कोयम्बटूर **[4]**

**36. अधिकांश मौसमी घटनाएँ घटित होती हैं**
(1) मध्यमंडल में (2) आयनमंडल में
(3) क्षोभमंडल में (4) समतापमंडल में **[3]**

**37. निम्नलिखित में से कौन सी महासागरीय धाराओं का समूह उत्तर से दक्षिण की ओर व्यवस्थित है ?**
(1) ब्राजील - फॉकलैण्ड - लेब्राडोर - कैनारी
(2) फॉकलैण्ड - ब्राजील - कैनारी - लेब्राडोर
(3) लेब्राडोर - कैनारी - ब्राजील - फॉकलैण्ड
(4) कैनारी - ब्राजील - फॉकलैण्ड - लेब्राडोर **[3]**




Answer Key PDF Download Click Here

**38. प्रवाल जीवों के विकास के सम्बन्ध में कौन सा कथन सत्य है ?**
(1) ये अधिक हलचल वाले समुद्री जल को पसन्द करते हैं।
(2) ये 20°- 30° से. तापमान में पनपते हैं ।
(3) इन्हें अधिक तलछट की आवश्यकता होती है ।
(4) ये लवण विहीन स्वच्छ जल में खूब पनपते हैं । [2]

**39. युति वियुति' शब्दावली किसको उल्लेखित - करती है ?**
(1) सूर्य, पृथ्वी तथा चन्द्रमा का सरल रेखीय विन्यास
(2) सूर्य तथा चन्द्रमा का सरल रेखीय विन्यास
(3) पृथ्वी तथा चन्द्रमा का सरल रेखीय विन्यास
(4) सूर्य, पृथ्वी तथा चन्द्रमा की समकोणीय स्थिति [1]

**40. भारत में निम्नलिखित मृदाओं में से कौन सी सर्वाधिक क्षेत्र में पाई जाती है ?**
(1) जलोढ (2) शुष्क व मरुस्थलीय
(3) लैटेराइट (4) लाल [1]

**41. भारत की निम्नलिखित नदियों को उनके उद्गम स्थल से सुमेलित कीजिए एवं कूट के माध्यम से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| **सूची-I नदियाँ** | **सूची-II उद्गम स्थल** |
|---|---|
| (i) बेतवा | (a) नन्दीदुर्ग पहाड़ी |
| (ii) गोदावरी | (b) अमरकण्टक |
| (iii) पेन्नार / पिनाकिनी | (c) भोपाल |
| (iv) सोन | (d) त्र्यबक गाँव |

कूट :

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (d) | (a) | (b) | (c) |
| (2) | (b) | (a) | (d) | (c) |
| (3) | (c) | (d) | (a) | (b) |
| (4) | (c) | (a) | (d) | (b) |

[3]

**42. भारत में कौन से वर्ष में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम लागू हुआ ?**
(1) 1973 (2) 1976
(3) 1972 (4) 2004 [3]

**43. भारत की जनगणना 2011 के राज्यों को घनत्व के आरोही क्रम में व्यवस्थित अनुसार वर्णित करें :**
(a) सिक्किम
(b) अरुणाचल प्रदेश
(c) नागालैण्ड
(d) मिज़ोरम
(1) (b) (d) (a) (c)
(2) (b) (a) (c) (d)
(3) (d) (b) (a) (c)
(4) (c) (d) (b) (a) [1]

**44. सन् 1992 में समुद्र पारीय आर्थिक सहयोग निधि (O.E.C.F.) जापान द्वारा आरम्भ 'अरावली वृक्षारोपण परियोजना का उद्देश्य बताएँ :**
(a) अरावली पर्वत प्रदेश को हरा-भरा रखना ।
(b) एनिकट का निर्माण कर जल संसाधन का संरक्षण करना
(c) भूमि का कटाव तथा अवैध खनन को रोकना
(d) उपरोक्त वर्णित सभी
(1) (d) (2) (a) तथा (b)
(3) (b) तथा (c) (4) (a) तथा (c) [1]

**45. यदि माँग की आय लोच 1 से अधिक व धनात्मक है तो वह वस्तु है**
(1) गिफिन वस्तु (2) एक आवश्यकतामूलक वस्तु
(3) एक विलासिता वस्तु (4) एक हीन वस्तु [3]

**46. अन्य बातें स्थिर रहते हुए एक वस्तु की कीमत गिरने के परिणाम को व्यक्त किया जाता है-**
(1) माँगी गई मात्रा में कमी (2) माँग में वृद्धि
(3) माँग में कमी (4) मांगी गई मात्रा में विस्तार [3]

**47. सरवाड़ एवं राजमहल खनन क्षेत्र इसके लिए प्रसिद्ध हैं:**
(1) मैनेसाइट (2) एमरल्ड
(3) कैल्साइट (4) गारनेट [4]

**48. निम्नलिखित में से कौन सी पर्वत चोटी उत्तरी अरावली प्रदेश से सम्बन्धित नहीं है ?**
(1) बिलाली (2) बैराठ
(3) सिरावास (4) नागपहाड़ [4]




Answer Key PDF Download Click Here

**49. साधन लागत पर विशुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (एन.एन.पी.) को इससे भी जाना जाता है-**
(1) निजी आय (2) व्यक्तिगत आय
(3) राष्ट्रीय आय (4) सकल राष्ट्रीय उत्पाद **[3]**

**50. उपभोग की सीमान्त प्रवृत्ति बराबर होती है।**
(1) उपभोग में परिवर्तन / बचत में परिवर्तन
$$\left(\frac{\Delta C}{\Delta S}\right)$$
(2) कुल बचत / कुल उपभोग (S/C)
(3) कुल उपभोग/कुल आय (C/Y)
(4) उपभोग में परिवर्तन / आय में परिवर्तन
$$\left(\frac{\Delta C}{\Delta Y}\right)$$
**[4]**

**51. दिए गये समंकों के समूह से मध्यका ज्ञात कीजिए :**
2, 6, 6, 8, 4, 2, 7, 9
(1) 6 (3) 7
(2) 2 (4) 4 **[1]**

**52. निम्न में से किस माध्य में चरम मूल्यों का प्रभाव न्यूनतम होता है ?**
(1) हरात्मक माध्य (2) समान्तर माध्य
(3) गुणोत्तर माध्य (4) बहुलक **[4]**

**53. निम्न में से कौन से कारण से पूर्ति वक्र का विवर्तन नहीं होता है?**
(1) तकनीक
(2) साधन की कीमत
(3) पूर्ति की गई वस्तु की कीमत
(4) वस्तु एवं सेवा कर **[3]**

**54. यदि एक वस्तु की कीमत में परिवर्तन करने से दोनों वस्तुओं (x और y) की खरीदी गई मात्रा बढ़ती है या घटती है तो इन दोनों वस्तुओं के मध्य माँग की तिरछी लोच है :**
(1) एक (2) ऋणात्मक
(3) धनात्मक (4) शून्य **[2]**

**55. सन्तुलन की अवस्था में तटस्थता वक्र का ढाल होता है-**
(1) बजट रेखा के ढाल से अधिक या कम हो सकता है।
(2) बजट रेखा के ढाल के बराबर
(3) बजट रेखा के ढाल से अधिक
(4) बजट रेखा के ढाल से कम **[2]**

**56. निम्न में से किस माध्य से व्यक्तिगत अवलोकनों से लिए गये विचलनों का योग शून्य होता है ?**
(1) गुणोत्तर माध्य (2) बहुलक
(3) मध्यका (4) समान्तर माध्य **[4]**

**57. 'निर्धनता का दुष्चक्र' की अवधारणा सम्बन्धित है-**
(1) मॉल्थस (2) कार्ल मार्क्स.
(3) नर्क से (4) एडम स्मिथ **[3]**

**58. निम्न में से कौन सा बहुआयामी सूचकांक का एक घटक नहीं है-**
(1) जीवन स्तर (2) स्वास्थ्य
(3) शिक्षा (4) प्रति व्यक्ति आय **[4]**

**59. कुल प्राप्तियों और कुल व्यय के मध्य अन्तर को जाना जाता है-**
(1) राजस्व घाटा (2) पूँजीगत घाटा
(3) बजट घाटा (4) राजकोषीय घाटा **[3]**

**60. निम्न में से किसे विस्तृत मुद्रा के रूप में जाना जाता है ?**
(1) $M_4$ (2) $M_1$
(3) $M_2$ (4) $M_3$ **[4]**

**61. जब साधन कीमतों में वृद्धि के कारण कीमतों में वृद्धि होती है तो इसे कहा जाता है।**
(1) अपस्फीति (डिफ्लेशन)
(2) माँग प्रेरित कीमत स्फीति
(3) लागत प्रेरित कीमत स्फीति
(4) मंदी **[3]**

**62. निम्न में से कौन सा उपाय भारतीय रिजर्व बैंक के चयनित साख नियन्त्रण उपायों (विधियों) में से है ?**
(1) नकद कोषानुपात (2) उधार की अधिकतम सीमायें
(3) बैंक दर (4) खुले बाजार की क्रियाएँ **[2]**




Answer Key PDF Download Click Here

**63. निम्न में से कौन सा सूचक मानव विकास सूचकांक की गणना में उपयोग में नहीं लिया जाता है ?**
(1) स्कूली शिक्षा के माध्य वर्ष
(2) जन्म के समय जीवन प्रत्याशा
(3) शिशु मृत्यु दर
(4) प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय [3]

**64. निम्नलिखित में से कौन सा राज्य नीति आयोग द्वारा प्रकाशित भारत सतत विकास लक्ष्य (एस.डी.जी.) सूचकांक 2021 में सबसे उपर रहा?**
(a) गुजरात (b) केरल
(c) हरियाणा (d) हिमाचल प्रदेश [2]

**65. निम्न में से कौन नीति आयोग की संचालन (शासी) परिषद का भाग नहीं है?**
(a) अंडमान-निकोबार द्वीप के उपराज्यपाल
(b) सभी राज्यों के मुख्यमन्त्री
(c) दिल्ली के मुख्यमन्त्री
(d) राज्यों के राज्यपाल [4]

**66. राजनैतिक विकृतियों का मनोवैज्ञानिक आधार पर अध्ययन करने की सिफारिश कौन से विद्वान ने की?**
(a) आर्थर बेंटले (b) हेरॉल्ड लासवेल
(c) वाल्टर लिपमैन (d) चार्ल्स ई. मेरियम [1]

**67. राजनीति ने हमें साँप की कुंडली की तरह जकड रखा है और इससे जूझने के सिवाय अन्य कोई रास्ता नहीं है। यह कथन है?**
(a) जवाहरलाल नेहरू का (b) प्लेटो का
(c) कार्ल मार्क्स का (d) महात्मा गाँधी का [4]

**68. किसने राजनीतिशास्त्र को किसी समाज के लिए मूल्यों के आधिकारिक आवंटन का अध्ययन के रूप में वर्णित किया है?**
(a) अर्नेस्ट बार्कर (b) ई.एम. फोस्टर
(c) रॉबर्ट डाहल (d) डेविड ईस्टन [4]

**69. 19वीं शताब्दी के अंतिम दशक और 20वीं शताब्दी के प्रथम दशक में परंपरागत राजनीति विज्ञान संस्थागत एवं विधिवादी परंपरा छोडकर सामाजिक-राजनीतिक जीवन के विषय में नई दृष्टि अपनाता है?**
**उक्त कथन के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सा गलत है।**
(a) राजनीति के अध्येताओं को नवीन मार्ग का अनुसरण करना पडेगा क्योंकि राजनीति सिद्धान्त ऐसी शक्तियों के संपर्क में आ गया कि लगातार में वे इसकी प्रकृति को मूलत: संशोधित कर देगी।
(b) समाज व सामाजिक समूहों को एक प्रक्रिया के रूप में देखना।
(c) राजनीतिक अध्येताओं को कानूनी, संवैधानिक और संस्थागत सत्ता के पीछे वास्तविक या यथार्थ शक्ति की खोजन करना।
(d) शोधकर्ता को राज्य के औपचारिक ढाँचे और सांविधानित तंत्र का अध्ययन करना पडेगा। [1]

**70. कौन से विचारक को आधुनिक राज्य के आगमन का संदेशवाहक और राष्ट्र संघ की भूमिका का लेखक माना जा सकता है?**
(a) दान्ते (b) विलियम ऑफ ओकम
(c) जॉन ऑफ पेरिस (d) मार्सीलियो ऑफ पेडुआ [4]

**71. शक्ति एक सम्मान-मूल्य (Deference-value) है और राजनीति विज्ञान का उससे घनिष्ठ संबंध है। यह विचार कौन से विद्वान ने दिया है?**
(a) चार्ल्स ई. मेरियम (b) हेरॉल्ड लासवेल
(c) लॉर्ड एक्टन (d) डेविड ईस्टन [2]

**72. अभिकथन (अ) : राज्य की सत्ता के सार्थक प्रयोग के लिए राज्य के कानून और आदेश जनसाधारण की नैतिक मान्यताओं और मूल्य प्रणाली पर आधारित होने चाहिए।**
**कारण (ब) : राज्य इसके लिए अपने नागरिकों से अनिवार्यत: कानूनों का आज्ञापालन सुनिश्चित कराये।**
(1) (अ) असत्य है परन्तु (ब) सत्य है।
(2) (अ) और (ब) दोनों पृथक रूप से सत्य है।
(3) (अ) और (ब) दोनों पृथक रूप से सत्य है। परन्तु (ब), (अ) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(4) (अ) सत्य है परन्तु (ब) असत्य है। [3]

**73. सभी मानव जन्म से स्वतंत्र तथा प्रतिष्ठा और अधिकारों में समान है?**
(1) रूसो की रचना सोशल कॉन्ट्रेक्ट में
(2) हॉब्स में लेवियाथन में
(3) सार्क के घोषणापत्र में
(4) मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में [4]

**74. भारत के संविधान के अनु. 51 क (क) के अनुसार प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है-**
(1) संविधान का सृजनात्मक विरोध
(2) अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि
(3) संविधान संशोधनों में सकारात्मक समर्थन
(4) संविधान का पालन [4]

**75. निम्न में से किस टीकाकार ने कहा कि अपना संविधान बनाते समय "भारतीयों ने नियति के साथ साक्षात्कार में कोई चूक नहीं की"?**
(1) के. टी. शाह (2) ग्रेनेविल ऑस्टिन
(3) मायनर वीनर (4) सी. राजगोपालाचारी [2]

**76. निम्नलिखित राष्ट्रपति के शपथ के संवैधानिक प्रारूप में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- "मैं, अमुक ईश्वर की शपथ लेता हूँ / सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूँ कि मैं राष्ट्रपति के पद का कार्यपालन करूँगा।"**
(1) श्रद्धापूर्वक (2) पूर्ण निष्ठा के साथ
(3) पूर्ण-योग्यता के साथ (4) निष्ठापूर्वक [1]

**77. भारत में लोकसभा के निर्वाचन-क्षेत्र 543 कब से हैं?**
(1) 1971 से (2) 1962 से
(3) 1967 से (4) 1969 से [1]

**78. भारत के संविधान में वर्णित राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों की व्याख्या कौन सा वाक्य कर रहा है?**
(1) सरकार के लिए अनिवार्य नीतियाँ।
(2) वे लक्ष्य जो एक व्यक्ति के रूप में हमें स्वीकार करने चाहिये।
(3) कुछ अधिकार जो नागरिकों को मौलिक अधिकारों के अलावा मिलने चाहिये।
(4) वे उद्देश्य जो एक व्यक्ति के रूप में हमें अनिवार्यत: स्वीकार करने चाहिये। [3]

**79. राजस्थान का प्रथम 'जेण्डर बजट' प्रस्तुत करने वाले थे-**
(1) भैरोंसिंह शेखावत (2) वसुंधरा राजे
(3) अशोक गहलोत (4) प्रद्युम्न सिंह [2]

**80. "अनुच्छेद 20 एवं अनुच्छेद 21 के मूल अधिकार आपातकाल में स्थगित नहीं किए जा सकते हैं।" निम्नांकित में से कौन सा कथन उक्त प्रावधान के सन्दर्भ में सही है?**
(1) 44वें संविधान संशोधन से यह प्रावधान अन्त:स्थापित किया गया।
(2) संविधान के आरंभ से यह प्रावधान है।
(3) 24वें संविधान संशोधन से यह प्रावधान अन्त:स्थापित किया गया।
(4) 42वें संविधान संशोधन से यह प्रावधान अन्त:स्थापित किया गया। [1]

**81. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 में वर्णित अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि हेतु राज्य प्रयास करेगा।**



Answer Key PDF Download Click Here

**इसी संदर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए।**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. 51(क) | (i) संगठित लोगो के एक दूसरे से व्यवहारों में अंतर्राष्ट्रीय विधि और संधि बाध्यताओं के प्रति आदर बढाने का |
| B. 51(ख) | (ii) राष्ट्रों के बीच न्यायसंगत और सम्मानपूर्ण संबंधों को बनाये रखने का |
| C. 51(ग) | (iii) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि का |
| D. 51(घ) | (iv) अंतर्राष्ट्रीय विवादों के माध्यस्थम द्वारा निपटारे के लिए प्रोत्साहन देने का |

कूट :-

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

[3]

**82. संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्यों की संख्या 6 से बढाकर 10 किस वर्ष में की गयी-**
(1) 1972 में (2) 1952 में
(3) 1960 में (4) 1965 में [4]

**83. निम्नलिखित कथनों को सावधानीपूर्वक पढ़िए-**
I. जी-20 नेताओं का शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितम्बर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित किया जाना है।
II. भारत 1 दिसंबर, 2022 से जी-20 की अध्यक्षता संभालेगा।
III. जी -20 में 19 देश और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल है।
IV. जी-20 वैश्विक जीडीपी का 85%, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का 75% और दुनिया की आबादी का दो तिहाई हिस्सा है?
निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही है?
(1) कथन II और IV सत्य हैं।
(2) कथन I II और III सत्य हैं।
(3) कथन I, II, III और IV सत्य हैं।
(4) कथन I और III सत्य हैं। [2]

**84. ब्रेटनवुड्स सम्मेलन 1944 में किन वित्तीय संस्थाओं की स्थापना पर समझौता हुआ था?**
(1) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं जी-7
(2) पुनर्रचना एवं विकास के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बैंक एवं अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(3) पुनर्रचना एवं विकास के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बैंक एवं एशियन डेवलपमेंट बैंक
(4) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं एशियन डेवलपमेंट बैंक [2]

**85. किसने समाजशास्त्र को सामाजिक स्थैतिकी एवं सामाजिक गतिकी में बाँटा है?**
(1) मैकाइवर (2) कॉम्टे
(3) जॉनसन (4) बोटोमोर [2]

**86. 'सामाजिक सम्बन्धों के जाल को हम क्या कहते हैं?**
(1) समिति (2) समुदाय
(3) संस्था (4) समाज [4]

**87. पर्याप्त निश्चित एवं टिकाऊ यौन संबंध द्वारा परिभाषित एक समूह जो प्रजनन तथा बच्चों के पालन-पोषण की व्यवस्था करने की क्षमता रखता है' कहलाता है-**
(1) संस्था
(2) समिति
(3) समुदाय
(4) परिवार [4]

**88. हिन्दू विवाह के किस प्रकार में न तो माता-पिता की सहमति की आवश्यकता है न ही संस्कारों की?**
(1) दैव विवाह (2) ब्रह्म विवाह
(3) प्रजापत्य विवाह (4) गंधर्व विवाह [4]

**89. निम्न में से कौन सा एक राष्ट्रीय एकीकरण के लिए चुनौती नहीं है?**
(1) क्षेत्रवाद (2) जातिवाद
(3) नगरवाद (4) साम्प्रदायिकता [3]

**90. "व्हाट इज सोश्योलोजी" पुस्तक लिखी है-**
(1) टी. पारसन्स (2) मैक्स वेबर
(3) पी. सोरोकिन (4) ऐलक्स इंकल्स [4]

**91. गेमाइशाफ्ट तथा गेसेलशाफ्ट समाज के दो प्रकार हैं। यह किसने उल्लेखित किया है?**
(1) कार्ल मार्क्स (2) टॉनीज
(3) दुखम (4) वेबर [2]

**92. किसने प्राथमिक समूह की अवधारणा का प्रयोग अपनी पुस्तक 'सोशल ऑर्गेनाइजेशन' में किया है?**
(1) गिडिंग्स (2) चार्ल्स कूले
(3) डब्ल्यू. ऑगबर्न (4) समनर [2]

**93. "एक सामाजिक भूमिका व्यक्ति का किसी समूह या परिस्थिति में वह व्यवहार का प्रतिमान है, जिसकी उससे आशा की जाती है।" यह परिभाषा दी है-**
(1) जी.ए. लुण्डबर्ग (2) इलियट एवं मैरिल
(3) राल्फ लिंटन (4) किंवल यंग [3]

**94. "मुख्य प्रस्थिति" की अवधारणा दी है-**
(1) टी. पारसन्स (2) के. डेविस
(3) आर.के. मर्टन (4) ई.टी. हिलर [4]

**95. 'हिस्ट्री ऑफ कास्ट इन इंडिया' पुस्तक लिखी-**
(1) बोटोमोर (2) हर्बर्ट रिजले
(3) एस. वी. केलकर (4) जी.एस. घुर्ये [3]

**96. "समाजशास्त्री होने के नाते हमारा सीधा संबंध सामाजिक संबंधों से है। वह केवल इन्हीं (सामाजिक संबंधों) में परिवर्तन है जिसे हम सामाजिक परिवर्तन कहते हैं।" कथन है -**
(1) गिलिन व गिलिन (2) जॉन्स
(3) रॉबर्ट बीरस्टेड (4) मैकाइवर एवं पेज [4]

**97. निम्न में से कौन सी एक सामाजिक परिवर्तन की विशेषता नहीं है?**
(1) प्रत्येक समाज में सामाजिक परिवर्तन की गति एक समान नहीं है।
(2) सामाजिक परिवर्तन व्यक्ति से सम्बन्धित है।
(3) सामाजिक परिवर्तन सार्वभौमिक है।
(4) सामाजिक परिवर्तन स्वाभाविक और अवश्यम्भावी है। [2]

**98. प्रति वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस कब मनाया जाता है?**
(1) दिसम्बर 9 (2) सितम्बर 9
(3) अक्टूबर 9 (4) नवम्बर 9 [1]

**99. व्यक्ति का वह पद जिसे व्यक्ति किसी समूह में अपने लिंग, आयु, परिवार, वर्ग, व्यवसाय, विवाह एवं उपलब्धियों आदि के फलस्वरूप प्राप्त करता है, कहलाता है-**
(1) समाज (2) भूमिका
(3) प्रस्थिति (4) सामाजिक व्यवस्था [3]

**100. "प्रशासन का क्षेत्र व्यापार का क्षेत्र है और वह राजनीति की जल्दबाजी और संघर्षों से दूर है।" यह कथन किसका है ?**
(1) एल.डी. व्हाइट
(2) फ्रैंक गुडनाऊ
(3) हेनरी फेयोल
(4) वुडरो विल्सन [4]



Answer Key PDF Download Click Here

**101. संथानम कमेटी की नियुक्ति किस समस्या को रोकने के लिए की गयी थी ?**
(1) गरीबी (2) साम्प्रदायिकता
(3) जातिवाद (4) भ्रष्टाचार **[4]**

**102. "संस्कृति की गरीबी" की अवधारणा किसने दी ?**
(1) मोरिस गिन्सबर्ग (2) आस्कर लुईस
(3) ईवान ईलिच (4) एलेक्स इंकल्स **[2]**

**103. इनमें से कौन सा एक पुरुषार्थ का तत्व नहीं है ?**
(1) मोक्ष (2) धर्म
(3) संस्कार (4) अर्थ **[3]**

**104. निम्न का सही मिलान करें-**

| पुस्तक का नाम | लेखक |
|---|---|
| 1. हिन्दू सोशल ऑर्गेनाइजेशन | a. इरावती कर्वे |
| 2. मैरिज एण्ड फैमिली इन इंडिया | b. वेस्टरमार्क |
| 3. हिस्ट्री ऑफ ह्यूमन मैरिज | c. के. एम. कपाड़िया |
| 4. किनशिप ऑर्गेनाइजेशन इन इंडिया | d. पी. एच. प्रभु |

(1) 1-a, 2-c, 3-d, 4-b (2) 1-d, 2-c, 3-b, 4-a
(3) 1-c, 2-b, 3-a, 4-d (4) 1-b, 2-d, 3-c, 4-a **[2]**

**105. निम्नलिखित में से कौन सा एक नीचे से ऊपर की ओर मैसलो की आवश्यकता पदसोपान विचारधारा का सही क्रम है?**
A. आत्म सन्तुष्टि आवश्यकताएँ
B. जैविक / शारीरिक आवश्यकताएँ
C. लगाव तथा प्रेम की आवश्यकताएँ
D. आत्म सम्मान की आवश्यकताएँ
E. सुरक्षा आवश्यकताएँ
(1) B-E-D-C-A (2) A-B-C-D-E
(3) A-D-C-E-B (4) B-E-C-D-A **[4]**

**106. निम्नलिखित में से कौन लोक प्रशासन के पोस्डकॉर्ब विचार का समर्थक नहीं है ?**
(1) लेविस मेरियम (2) हेनरी फेयोल
(3) लूथर गुलिक (4) एल. उर्विक **[1]**

**107. 'दी साइंस ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन : श्री प्रोब्लम्स' किसने लिखी थी ?**
(1) एफ. डब्ल्यू. टेलर (2) रॉबर्ट डाल
(3) इवाईट वाल्डो (4) हर्बर्ट साइमन **[2]**

**108. निम्नलिखित विद्वानों में से किस एक ने प्रशासन के सिद्धान्तों को 'मिथक' या 'कहावतों' के रूप में अस्वीकार किया था ?**
(1) मार्शल ई. डिमॉक्र (2) चेस्टर आई. बर्नार्ड
(3) वुडरो विल्सन (4) हर्बर्ट ए. साइमन **[4]**

**109. यह कथन किसका है, 'मानवीय समस्या के मानवीय समाधान के लिये मानवीय तथ्यों / आँकड़ों तथा मानवीय उपकरणों की आवश्यकता होती है' ?**
(1) हेनरी फेयोल (2) रोथलिस्बर्गर
(3) एल.डी. व्हाइट (4) पी. एच. एपलबी **[2]**

**110. सरकारिया आयोग ने अपना प्रतिवेदन कब सौंपा था ?**
(1) 1988 (2) 1983
(3) 1984 (4) 1987 **[4]**

**111. द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की 12वीं रिपोर्ट का शीर्षक क्या था ?**
(1) अभिशासन में नैतिकता (2) सूचना का अधिकार
(3) संकट प्रबंध (4) नागरिक केन्द्रित प्रशासन [3]

**112. प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किये थे ?**
(1) बीस (2) बारह
(3) पन्द्रह (4) सत्रह [1]

**113. रैन्सिस लिकर्ट के अनुसार निम्न में से कौन सी प्रबन्धकीय प्रणाली सर्वोत्तम है ?**
(1) हितैषी (2) शोषक निरंकुश
(3) सहभागी समूह (4) सलाहकारी [3]

**114. कार्यात्मक फौरमैनशिप तकनीक के अन्तर्गत निम्न में से कौन सा (नायक) 'बॉस' (boss) नहीं है ?**
(1) निर्देशन कार्ड लिपिक (2) निरीक्षक
(3) अनुशासक (4) नियन्त्रक [4]

**115. निम्न में से कौन सा औपचारिक संचार नेटवर्क का सबसे अधिक केन्द्रीकृत प्रकार है ?**
(1) ग्रेपवाइन (2) सितारा
(3) श्रृंखला (4) वृत [3]

**116. अभिप्रेरणा की प्रत्याशा विचारधारा के प्रतिपादक कौन थे ?**
(1) मैसलो (2) विक्टर ब्रूम
(3) डगलस मैक्ग्रेगर (4) रैन्सिस लिकर्ट [2]

**117. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की किस धारा में सूचना के प्रकटन से छूट विहित है ?**
(1) धारा 8(2) (2) धारा 7 (1)
(3) धारा 7 (2) (4) धारा 8(1) [4]

**118. 'प्रस्थानत्रयी' से क्या तात्पर्य है ?**
(1) वेद, उपनिषद्, ब्रह्मसूत्र
(2) वेद, उपनिषद्, गीता
(3) उपनिषद्, गीता, ब्राह्मण
(4) उपनिषद्, गीता, ब्रह्मसूत्र [4]

**119. उपनिषदों के अनुसार 'ब्रह्म' के लिए 'तज्जलान्'शब्द का प्रयोग हुआ है, जिसका तात्पर्य है :**
(1) ब्रह्म ही जगत् की उत्पत्ति, अस्तित्व और संहार (लय) का कारण है।
(2) ब्रह्म ही परम सत् है
(3) ब्रह्म सत्, सर्वव्यापी, शुद्ध चैतन्यस्वरूप और अनंत है ।
(4) ब्रह्म से ही सूर्य, चन्द्रमा आदि प्रकाशित होते हैं [1]

**120. राजस्थान में लोकायुक्त निम्न में से किस कार्य की जाँच नहीं कर सकता है ?**
(1) अनुशासनात्मक कार्यवाही
(2) भ्रष्टाचार
(3) पद का दुरुपयोग
(4) अकर्मण्यता **[1]**

**121. राजस्थान जन सूचना पोर्टल कब प्रारंभ किया गया था ?**
(1) 2021 (2) 2018
(3) 2019 (4) 2020 **[3]**

**122. ऑम्बुड्समैन नामक संस्था की स्थापना सर्वप्रथम 1809 में हुई थी**
(1) नीदरलैण्ड्स में (2) नॉर्वे में
(3) स्वीडन में (4) फिनलैण्ड में **[3]**

**123. संसद में लोकपाल विधेयक प्रथम बार कब प्रस्तुत हुआ था ?**
(1) 1971 (2) 1964
(3) 1966 (4) 1968 **[4]**



Answer Key PDF Download Click Here

**124. वेदों के बारे में सत्य कथन है :**
1. वेद अनादि और अपौरुषेय हैं।
2. वेद के लिए सबसे प्रचलित शब्द श्रुति है।
3. वेद का सर्वमान्य अर्थ 'संगीत' है ।
4. वेद का सर्वमान्य अर्थ 'ज्ञान' है।
सही उत्तर चुनिए :
(1) 1, 3 व 4 सत्य हैं। (2) 1, 2 व 4 सत्य हैं।
(3) 1, 2 व 3 सत्य हैं। (4) 2, 3 व 4 सत्य [2]

**125. ''मैं सोचता हूँ अत: मैं हूँ'' सम्बन्धित है।**
(1) देकार्ते से (2) सुकरात से
(3) बेन्थम से (4) काण्ट से [1]

**126. सुकरात के अनुसार, सद्गुण है -**
(1) सापेक्षिक (2) अप्राप्य
(3) एक (4) स्वर्णिम माध्य [3]

**127. परिणाम-निरपेक्षवादी नीतिशास्त्र महत्त्व देता है**
(1) वैराग्य को (2) सुख को
(3) कर्तव्य को (4) परिणाम को [3]

**128. बौद्ध दर्शन के अष्टांग मार्ग के अनुसार निम्न में से कौन से सम्बन्धित हैं ?**
1. सम्यक् दृष्टि 2. सम्यक् संकल्प
3. सम्यक् वाक् 4. सम्यक् दर्शन
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(1) 1, 2 तथा 3
(2) 1, 2 तथा 4.
(3) 2, 3 तथा 4
(4) 1, 3 तथा 4 [1]

**129. "संसार में दु:ख की व्यापकता निर्विवाद है"- - इस विचार का समर्थन कौन सा दर्शन करता है ?**
(1) गाँधी दर्शन (2) जैन दर्शन
(3) बौद्ध दर्शन (4) सुकरात दर्शन [3]

**130. जैन 'त्रिरत्न' हैं:**
(1) सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान तथा सम्यक्, चरित्र
(2) भगवान महावीर, श्रमण तथा श्रावक
(3) महाव्रत तथा शिक्षाव्रत
(4) स्याद्वाद, नयवाद तथा अनेकान्तवाद हैं । [1]

**131. विद्यालय में हुए छात्रों के व्यवहारगत परिवर्तनों के सम्बन्ध में साक्ष्यों के संकलन तथा उनकी व्याख्या करने की प्रक्रिया को कहा जाता है :**
(1) निर्देशन (2) मूल्यांकन
(3) परीक्षा (4) नियंत्रण [2]

**132. निम्नलिखित में से कौन सा वस्तुनिष्ठ परीक्षण का लाभ नहीं है?**
(1) भाषा का न्यूनतम उपयोग
(2) अंकन में वस्तुनिष्ठता
(3) प्रशासन सरल
(4) उत्तर के चयन में अनुमान संभव [4]

**133. निम्नलिखित में से कौन सी निबन्धात्मक परीक्षण की विशेषता नहीं है ?**
(1) मूल्यांकन में वस्तुनिष्ठता संभव ।
(2) विद्यार्थियों की भाषा शैली एवं लेखन कला को जानने के लिए उपयोगी ।
(3) विद्यार्थियों के अभिव्यक्ति कौशल को जानने के लिए उपयोगी
(4) विद्यार्थियों के रचनात्मक विचारों को जानने के लिए उपयोगी [1]




Answer Key PDF Download Click Here

**134. निष्पत्ति परीक्षण हेतु नील पत्र निर्माण के लिए आवश्यक तत्त्व नीचे दिये जा रहे हैं :**
अ. उद्देश्यों का अंक भार ब. विषयवस्तु का अंक भार
स. प्रश्नों के प्रकार का अंक भार द. कठिनाई स्तर का अंक भार
उपरोक्त तत्वों के आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:
(1) 'अ', 'ब', 'स' एवं 'द' आवश्यक
(2) केवल 'अ' एवं 'ब' आवश्यक
(3) केवल 'ब' एवं 'स' आवश्यक
(4) केवल 'ब' एवं 'द' आवश्यक [1]

**135. किसने कहा कि "सामाजिक विज्ञान मानव तथा उसकी सामाजिक और भौतिक वातावरण के प्रति की जाने वाली प्रतिक्रियाओं से सम्बन्धित है, इसमें मानवीय सम्बन्धों का अध्ययन होता है।" ?**
(1) बाइनिंग एण्ड बाइनिंग (2) जुन, वी. माइकेलिस
(3) वेस्ले (4) एम.पी. मोफाट [2]

**136. निम्नलिखित में से कौन सा सामाजिक विज्ञान शिक्षण में "अवबोध" घटक का व्यावहारिक पद है ?**
(1) घटकों का निर्धारण (2) अन्तर करना
(3) पहचान करना (4) प्रत्यास्मरण करना [3]

**137. एक सामाजिक विज्ञान के अध्यापक कक्षा कक्ष में महान चित्रकारों, मूर्तिकारों, संगीतकारों आदि के जीवन के बारे में पढ़ाते हैं, व्याख्या के दौरान विद्यार्थियों में सौंदर्यभाव का विकास हो सकता है। यह किन दो विषयों के मध्य सम्बन्ध को दर्शाता है ?**
(1) सामाजिक विज्ञान एवं भूगोल
(2) सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान
(3) सामाजिक विज्ञान एवं गणित
(4) सामाजिक विज्ञान एवं ललित कला [4]

**138. सामाजिक विज्ञान की विभिन्न शाखाओं के मध्य एक-दूसरे से सम्बन्ध कहलाता है**
(1) वक्ररेखी सहसम्बन्ध (2) संपार्श्विक सहसम्बन्ध
(3) बहुपक्षीय सहसम्बन्ध (4) एकपार्श्विक सहसम्बन्ध [3]

**139. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प "समाजीकृत अभिव्यक्ति विधि" के सोपानों का सही तार्किक क्रम है ?**
(1) योजना बनाना →क्रियान्वयन→रिपोर्ट बनाना →मूल्यांकन
(2) क्रियान्वयन →रिपोर्ट बनाना →योजना बनाना →मूल्यांकन
(3) योजना बनाना →क्रियान्वयन →मूल्यांकन →रिपोर्ट बनाना
(4) योजना बनाना →रिपोर्ट बनाना →क्रियान्वयन →मूल्यांकन [3]

**140. निम्नलिखित में से कौन सी क्षेत्र पर्यटन की सीमा है ?**
(1) रुचि एवं रोचकता
(2) प्रत्यक्ष ( वास्तविक) अनुभव
(3) सामाजिक विज्ञान के कुछ चयनित विषयों के लिए उपयोगी
(4) सौन्दर्यानुभूति [3]

**141. प्रायोजना को पूर्ण करने के सोपानों अव्यवस्थित क्रम में नीचे दिया जा रहा है :**
A. प्रायोजना की योजना बनाना
B. प्रायोजना का चयन
C. परिस्थिति देना
D. प्रायोजना का निर्णयन
E. प्रायोजना का क्रियान्वयन निम्नलिखित में से कौन से विकल्प में प्रायोजना के सोपानों का सही तार्किक क्रम है ?
(1) C→B→A→E→D
(2) A→B→C→D→E
(3) B→C→D→E→A.
(4) E→B→C→D→A [1]

**142. निम्नलिखित में से कौन सा एक दृश्य सामग्री का प्रकार है ?**
(1) चलचित्र (2) टेलीविजन
(3) फिल्म स्ट्रीप (4) टेप रिकार्डिंग [3]

**143. एडगर डेल के अनुभव शंकु का कौन सा तत्त्व अधिगम के लिए सबसे अधिक प्रभावी होता है ?**
(1) वास्तविक प्रत्यक्ष अनुभव (2) रेडियो रिकार्डिंग
(3) चलचित्र (4) प्रदर्शन [1]

**144. किसी साम्राज्य के अभिवृद्धि एवं विकास, राजवंश तथा इसी प्रकृति के ऐतिहासिक तथ्यों को दर्शाने वाला चार्ट कहलाता है:**
(1) सारणीयन चार्ट (2) वर्गीकरण चार्ट
(3) वंशक्रम चार्ट (4) प्रवाह चार्ट [3]

**145. नीचे सामाजिक विज्ञान अध्यापक के कुछ गुण दिये गये हैं:**
अ. सामाजिक विज्ञान शिक्षण विधा के विशेषज्ञ
ब. अकादमिक योग्यता से परिपूर्ण
स. मानवीय गुणों से परिपूर्ण
निम्नलिखित में से कौन सा एक विकल्प उपरोक्त उल्लेखित गुणों का सर्वाधिक उपयुक्त प्रतिनिधित्व करता है ?
(1) 'अ', 'ब' एवं 'स' (2) केवल 'अ'
(3) केवल 'अ' एवं 'स' (4) केवल 'ब' [1]

**146. इकाई योजना किस मनोविज्ञान पर आधारित होती है ?**
(1) सामान्य मनोविज्ञान (2) गेस्टाल्ट मनोविज्ञान
(3) नैदानिक मनोविज्ञान (4) परामर्श मनोविज्ञान [2]

**147. किसने कहा कि "पाठ्यक्रम कलाकार (अध्यापक) के हाथ में वह साधन है जिससे कि वह पदार्थ (शिक्षार्थी) को अपने आदर्श (उद्देश्य) के अनुसार अपने स्टूडियो (स्कूल) में ढाल सके।" ?**
(1) बेन्जामिन फ्रेंकलिन (2) कनिंघम
(3) पी. सेमुअल (4) थॉर्नडाइक [2]

**148. एन. सी. एफ. 2005 से सम्बन्धित सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के लिए तैयार किये जाने वाले आधारपत्र के राष्ट्रीय फोकस समूह के अध्यक्ष कौन थे ?**
(1) प्रोफेसर कृष्ण कुमार (2) प्रोफेसर यशपाल
(3) प्रोफेसर गोपाल गुरु (4) प्रोफेसर जे. एस. राजपूत [2]

**149. निम्नलिखित में से कौन सा पाठ योजना हेतु हर्बीयन उपागम का सोपान नहीं है ?**
(1) खोज करना (2) प्रस्तुतीकरण
(3) तुलना एवं सम्बन्ध (4) सामान्यीकरण [1]

**150. निम्नलिखित में से कौन सी इकाई योजना की विशेषता नहीं है ?**
(1) इकाई योजना में "संश्लेषण से विश्लेषण" के सिद्धान्त का पालन किया जाता है।
(2) इकाई योजना में उद्देश्यों को समग्रता की दृष्टि से तैयार किया जाता है।
(3) इकाई योजना में विभिन्न पाठों की को समग्रता की दृष्टि से व्यवस्थित किया जाता है।
(4) इकाई योजना में "अंश से सम्पूर्ण" के सिद्धान्त का पालन किया जाता है [4]



Answer Key PDF Download Click Here